झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांक दिनांक

सेवा में,

वन क्षेत्र पदाधिकारी,
बरही प्रक्षेत्र ।

विषयः– 33/11 के0 भी0 ग्राम पदमा सबस्टेशन से 33/11 के0वी0 ग्राम नचनवे सबस्टेशन तक निर्माणाधीन 33 के0वी0 लाईन के वन भूमि अपयोजन के दो गुणा अवकृष्ट वन भूमि उपलब्ध करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक 294 दिनांक 23.01.2020 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र द्वारा 33/11 के0 भी0 ग्राम पदमा सबस्टेशन से 33/11 के0वी0 ग्राम नचनवे सबस्टेशन तक निर्माणाधीन 33 के0वी0 लाईन के लिए वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव में पडने वाले गांवो का अधोहस्ताक्षरी द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रयोक्ता अभिकरण/ वन क्षेत्र पदाधिकारी के साथ दिनांक 15.02.2020 को किया गया। इस संबंध में आपको निर्देश दिया जाता है कि अपयोजित होने वाली वन भूमि का रकवा 7.608 हे0 के दोगुणा अवकृष्ट वनों में क्षतिपूरक वनरोपण (CA) का चयनित स्थल का सूचना निम्न रूप में दिया जाय – (1) स्थल का नाम (2) प्लॉट नम्बर (3) ग्रॉस रकवा (4) नेट रकवा (5) दस वर्षीय प्राक्कलन नक्शा के साथ । ताकि प्रस्ताव को समय सीमा के अन्दर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके। इसकी प्रति प्रयोक्ता संस्थान को दी जा रही है, चिन्हित क्षतिपूरक वनरोपण स्थल का नक्शा (ट्रेसिंग किया हुआ) प्रयोक्ता संस्थान को उपलब्ध करा दिया जाय। क्षतिपूरक से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

आपका विश्वासी,
ह0/–
वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

ज्ञापांक 882 दिनांक 27/2/2020

प्रतिलिपि विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि (1) उपायुक्त के स्तर से निर्गत गैरमजरूआ जंगल–झाडी एवं FRA का प्रमाण पत्र (2) वन क्षेत्र पदाधिकारी, बरही से सम्पर्क स्थापित कर क्षतिपूरक वनरोपण स्थल संयुक्त रूप से चिन्हित करते हुए प्रस्तावित स्थल का Geo-reference MAP, GPS Co-ordinates (DGPS सर्वे) सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी के नौ प्रति में समर्पित किया जाय, ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल



Scanned by CamScanner